शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
दसवीं बैठक

दिनाँक 17–08–2020 ,दिन सोमवार

आज दिनाँक 17–08–2020 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की दसवीं बैठक प्रभारी प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में अपराह्न 3:30 बजे प्राचार्य कक्ष में कोविड–19 की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुये आयोजित की गई। प्रकोष्ठ की इस बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार हैः–

1 सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य महोदय ने बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और नये सत्र 2020–21 के लिए शुभकामनायें दी ।

2 बैठक में पूर्व में प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा की गई तथा शेष अधूरे कार्यो को कोविड –19 की गाइडलाइन को ध्यान रखते हुए शीघ्र पूरा करने का संकल्प लिया ।

3 महाविद्यालय में सत्र 2020–21 के लिए विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश में शासन की नवीन प्रवेश मार्गदर्शिका का पालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया साथ ही सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में कोविड –19 की गाइडलाइन का अनिवार्यत : पालन सुनिश्चित हो, ऐसा निर्णय लिया गया ।

4 विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग –अलग प्रवेश समिति गठित करने का निर्णय लिया गया जो प्रवेश मार्गदर्शिका का पालन सुनिश्चित करेगी ।

5 स्वतन्त्रता दिवस को सादगी से मनाने का निर्णय लिया गया कोविड–19 की परिस्थितियाँ में छात्र –छात्राओं को महाविद्यालय न बुलाया जाये , आयोजन में केवल महाविद्यालय परिवार का शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ ही उपस्थित रहे ।

6 महाविद्यालय की ग्रीन कैम्पस बनाने के लिए पौधरोपण का कार्य निस्तर जारी रहे साथ ही महाविद्यालय के मेन गेट के बाहर भी सौन्दर्यीकरण के उद्देश्य से पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया ।

7 महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रोंके लिए महाविद्यालय की ओर से कक्षावार वाट्सएप्प ग्रुप को अनिवार्यतः बनाया जाये साथ ही सभी को उसमें जोडने का निर्णय लिया गया ।

8 महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के इमेल एड्रेस निर्मित किये जायें । जो कि छात्रो व विभाग के मध्य कोविड–19 की परिस्थितियों में उपयोगी रहे।

9 महाविद्यालय की फैकल्टी ऑनलाइन कक्षाओं के लिए तैयारी करे विशेषकर (ICT) के उपयोग को शिक्षण में अधिकाधिक शामिल करे क्योंकि कोविड–19 के कारण भौतिक रूप से छात्रो का महाविद्यालय में आना पहले जैसे संभव नहीं रहा है।

10 महाविद्यालय के रिनोवेशन कार्य को शीघ्र कराने का निर्णय लिया गया । जिससे महाविद्यालय के आधारभूत संरचना में इससे गुणात्मक सुधार होगा इसके लिए PWD विभाग रामानुजगंज से सतत् सम्पर्क कर इस कार्य को शीघ्रतापूर्ण कराने का निर्णय लिया गया ।

11नैक प्रत्यायन के कार्य को तेजी से करने पर बल दिया गया इस सन्दर्भ में संभाग स्तर से चल रहे वेबिनार से लाभ उठाकर शीघ्र कार्य पूर्ण कर लेने का निर्णय लिया गया ।

12 महाविद्यालय के नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में संबद्धता प्रमाण पत्र में विश्वविद्यालय द्वारा मार्च 2020 में जारी अधिसूचना में उल्लेखित संशोधन नाम के अनुरूप नैक द्वारा जारी स्टेण्डर्ड फोरमेट में विश्वविद्यालय से नवीन संबद्धता प्रमाण पत्र जारी के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया । हालांकि पूर्व में भी विश्वविद्याालय को इस आशय का पत्राचार किया गया था।

13 समिति ने महाविद्यालय के सत्र 2019–20 के लिए ग्रीन ऑडिट कराने का निर्णय लिया इसके लिए प्रभारी अधिकारी श्री रमेश कुमार खैरवार ,सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) को बनाने का निर्णय लिया

14 समिति ने महाविद्यालय के सत्र 2019–20 के लिए अकादमिक आडिट कराने का निर्णय लिया इसके लिए प्रभारी अधिकारी श्री शनि कुमार धारी ,सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) बनाने का निर्णय लिया।

15 प्रकोष्ठ में सत्र 2020–21 के लिए आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर के निर्माण का निर्णय लिया गया । इसको बनाने का दायित्व (IQAC) कोर्डिनेटर को देने का निर्णय लिया गया ।

16 महाविद्यालय का एनर्जी आडिट कराने का निर्णय लिया इसके लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया ,जिसमें प्रभारी अधिकारी श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्रध्यापक (अंग्रेजी) को बनाने का निर्णय लिया गया । दो सदस्यों में अतिथि व्याख्याता श्री नवीन साहू (गणित) व अतिथि व्यख्याता श्री अभिषेक कश्यप (भौतिकशास्त्र) को इसमें शामिल करने का निर्णय लिया गया।

बैठक अन्त में डा. आर. बी. सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापन किया । बैठक में सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्प लिया । प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 17.08.2020 की इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री विनीत कुमार गुप्त ,सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र)
5. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
6. श्री आशुतोष गुप्ता, छात्र।

प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753